तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 ओलावृष्टि से रबी और उद्यानिकी फसलों ...



10 आरपीएस स्कूल के 11 विद्यार्थी का नवोदय ...




# अप्रारंभ एवं अधूरे आवासों पर सख्ती, हितग्राहियों से होगी राशि की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों पर अब प्रशासन सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अप्रारंभ एवं अधूरे पड़े आवासों की समीक्षा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ऐसे प्रकरण सामने आए हैं, जहां प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया या बीच में ही कार्य रोक दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए चरणबद्ध तरीके से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, ताकि वे समय पर अपना पक्का मकान तैयार कर सकें। किंतु कुछ हितग्राहियों द्वारा राशि प्राप्त करने के पश्चात भी निर्माण कार्य में रुचि नहीं दिखाई जा रही है, जिससे न केवल योजना की प्रगति प्रभावित हो रही है, बल्कि शासन के संसाधनों का भी दुरुपयोग हो रहा है। इस गंभीर स्थिति देखते हुए जिला पंचायत एवं जनपद पंचायतों के माध्यम से ऐसे सभी प्रकरणों की सूची तैयार कर संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को भेज दी गई है। निर्देश दिए गए हैं कि इन हितग्राहियों को अंतिम चेतावनी नोटिस जारी किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य प्रारंभ या पूर्ण नहीं करने की स्थिति में उनसे दी गई राशि की वसूली की कार्रवाई की जाए।

## प्रशासन ने जारी की अंतिम चेतावनी

### जारी आंकड़े

जनपद पंचायत बेमेतरा में वर्ष 2016-23 के 84 प्रकरण तथा वर्ष 2024-26 के 277 प्रकरण चिन्हित किए गए हैं। जनपद पंचायत बेरला में वर्ष 2016-23 के 42 प्रकरण सामने आए हैं। जनपद पंचायत नवागढ़ में वर्ष 2016-23 के 105 एवं वर्ष 2024-26 के 324 प्रकरण शामिल हैं। जनपद पंचायत साजा में वर्ष 2016-23 के 37 एवं वर्ष 2024-26 के 60 प्रकरण चिन्हित किए गए हैं।

प्रधान मंत्री आवास योजना
Pradhan Mantri Awaas Yojana

### योजना के कार्य में लाएं तेजी: कलेक्टर

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन हितग्राहियों द्वारा वास्तविक कारणों से निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है, वे संबंधित अधिकारियों को उचित प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। वहीं, जानबूझकर लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सतत निगरानी रखते हुए योजना के कार्यों में तेजी लाएं, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि वे शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाते हुए अपने आवास का निर्माण शीघ्र पूर्ण करें।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## नगर में श्रद्धा और आस्था का माहौल, अष्टमी-नवमी पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे आकर्षण का केंद्र

# सिद्ध शक्ति देवी मां कालिका मंदिर में भव्य आयोजन, ब्रह्ममुहूर्त में जलेगी मनोकामना ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

चैत्र नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध सिद्ध शक्ति देवी मां कालिका मंदिर में इस वर्ष भव्य और आकर्षक धार्मिक आयोजनों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस बार श्रद्धालुओं के लिए सबसे खास आकर्षण ब्रह्ममुहूर्त में प्रज्वलित होने वाली मनोकामना ज्योति होगी, जिसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र पर्व को सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु अनुकूल बनाने के लिए मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। साफ-सफाई, आकर्षक विद्युत सज्जा, पेयजल की समुचित व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन एवं समिति द्वारा संयुक्त रूप से



व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ब्रह्ममुहूर्त में होने वाली मनोकामना ज्योति का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस शुभ मुहूर्त में श्रद्धा और विधि-विधान के साथ ज्योति प्रज्वलित कर मां कालिका की आराधना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसी कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस अनुष्ठान में भाग लेते हैं।

नवरात्र के दौरान मंदिर में प्रतिदिन मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। वातावरण को भक्तिमय बनाने के लिए विशेष रूप से सजावट और ध्वनि व्यवस्था की गई है। शाम के समय होने वाली आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है।

वहीं, नवरात्र के अष्टमी और नवमी तिथि पर विशेष हवन-पूजन, कन्या भोज एवं कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन अनुष्ठानों में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।नगर में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धा, आस्था और उत्साह का माहौल है। बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और लोग पूजा सामग्री की खरीदारी में जुटे हुए हैं। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मां कालिका के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

प्रशासन और मंदिर समिति ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे व्यवस्था बनाए रखते हुए शांतिपूर्वक दर्शन करें और धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने में सहयोग दें।

### भारत माता मंच तत्वाधान में मनेगा भव्य हिंदू नववर्ष



**थान खम्हरिया।** आज हिंदू नववर्ष के प्रारंभ पर भारत माता मंच ने इस अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ राम-जानकी झांकी एवं भारत माता की झांकी के साथ भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हिंदू नववर्ष को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। निकटवर्ती गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। कार्यक्रम की तैयारियां नगर के युवाओं द्वारा पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई हैं। नगर को तोरण-पताका एवं आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है। साथ ही घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। भव्य आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना है। आयोजन समिति ने समाज के सभी वर्गों से परिवार सहित इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम में सर्वसमाज की सहभागिता रहती है, जो आपसी भाईचारे, एकता एवं सौहार्द का संदेश देती है।

# अनियंत्रित पिकअप पान ठेले में घुसी, बड़ा हादसा टला




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के व्यस्ततम नवागढ़ चौक पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार और लापरवाही का नतीजा उस समय सामने आया, जब

- नेशनल हाईवे पर अव्यवस्थित अतिक्रमण बना खतरा, जिम्मेदार विभागों की उदासीनता पर उठे सवाल

खरबूजों से लदी एक अनियंत्रित पिकअप वाहन सड़क किनारे लगे पान ठेले में जा घुसी। गनीमत रही कि घटना के समय ठेला बंद था, अन्यथा जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन जबलपुर से रायपुर की ओर खरबूजे लेकर जा रहा था।

जैसे ही वाहन नवागढ़ चौक स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचा, चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे 'अनुराग पान' नामक ठेले में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज ▸▸| शेष पेज 11 पर

### हाईवे किनारे अतिक्रमण

यह घटना एक बार फिर शहर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे की बदहाल व्यवस्था और बढ़ते अतिक्रमण की पोल खोलती है। नवागढ़ चौक से लेकर जेल मार्ग तक सड़क के दोनों ओर पान ठेलों, होटलनुमा दुकानों, मैकेनिक शॉप, चाट-चखना ठेलों सहित अस्थायी गुमटियों की भरमार है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भारी वाहन गुजरते हैं, ऐसे में सड़क किनारे इस तरह की अव्यवस्थित दुकानें किसी बड़े हादसे को खुला न्योता दे रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शहरवासियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि जिम्मेदार यातायात विभाग सड़क सुरक्षा के मूल मुद्दों को नजरअंदाज कर केवल दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग व जुर्माना वसूली तक ही सीमित नजर आता है। हाईवे पर अतिक्रमण हटाने, अवैध ठेलों की व्यवस्था करने और भारी वाहनों की गति नियंत्रण जैसे जरूरी कदमों की ओर ध्यान नहीं ▸▸| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा यज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**नांदघाट।** अमलडीहा में स्व.गेंद राम वर्मा के पुण्य स्मृति में भाजपा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय वर्मा के यहां आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा अमृत यज्ञ में पंडित प्रदीप महाराज जी के मुखारविंद से कथा अमृत रसपान करने भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित हो रहे हैं। आज पांचवे दिन श्री कृष्णा बाल लीला गिरिराज पूजन की कथा महाराज जी के द्वारा भक्तों को सुनाई गई। आज कथा श्रवण करने जिला पंचायत सभापति अंजय बघेल जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव जिला संयोजक आरटीआई विवेक शुक्ला भाजपा मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत बालसमुंद मंडल अध्यक्ष हवेंद्र वैष्णव पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष संतोष साहू, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ,निरंजन चेलक जिला मंत्री भाजयुमो ,युवराज धृतलहरें सरपंच पौंसरी मनोज मंडले, धनंजय सिंह राजपूत, अशोक कोसले, राहुल वर्मा, रामावतार वर्मा, याशु श्रीवास ओमप्रकाश, मिश्रा विजय यादव समेत भारी संख्या में श्रद्धालु परिजन ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाया, पति गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मारपीट एवं प्रताड़ना करने से महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मर्ग जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मामले में महिला ने हताश होकर 28 नवंबर 2024 को जहर सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। महिला सविताबाई निषाद अपने पति पुरूषोत्तम निषाद द्वारा रोज-रोज लड़ाई-झगड़ा से परेशान होकर जीवन जीने की इच्छा समाप्त होने से अपने घर में जहर पीकर अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत हो गई।


## तीन दिन में मांगा जवाब, ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई

# सरकारी ड्यूटी के दौरान निजी प्रैक्टिस का आरोप, दो डॉक्टरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के साजा मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ दो चिकित्सकों पर सरकारी सेवा के दौरान निजी प्रैक्टिस करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोनों चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि चिकित्सालय परिसर एवं सरकारी आवास में निजी प्रैक्टिस करना चिकित्सा सेवा की शर्तों के विरुद्ध है। संबंधित चिकित्सकों को तीन दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। पूरा मामला साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. शिखा साहू एवं डॉ.


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

पुरेंद्र साहू से जुड़ा है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई शुरू हुई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि दोनों चिकित्सक सरकारी ड्यूटी के दौरान ही निजी चिकित्सा कार्य संचालित कर रहे हैं और मरीजों से ऑनलाइन माध्यम से अपने निजी खातों में फीस भी ले रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि अस्पताल आने वाले मरीजों का समुचित इलाज नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें निजी इलाज के लिए अपने निवास या निजी व्यवस्था की ओर भेजा जाता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, ऐसे कृत्यों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठाई गई है। शिकायत के साथ वीडियो क्लिप, पर्ची एवं अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं होती है, तो वे मामले को विभागीय मंत्री तक ले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चिकित्सा व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं, इसके बावजूद इस तरह के मामलों का सामने आना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

# मनरेगा बचाओ अभियान: विस घेराव में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत राजधानी रायपुर में हुए विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जिले से कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और मनरेगा श्रमिकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे और आंदोलन को मजबूत समर्थन दिया। इस दौरान जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, पदाधिकारी, शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्य, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता और मनरेगा से जुड़े श्रमिक सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

- छाबड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे राजधानी

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) कांग्रेस पार्टी की एक ऐतिहासिक और जन कल्याणकारी योजना है, जिसने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों और मजदूरों ▸▸| शेष पेज 11 पर

## नेशनल हाईवे कर्मचारी कभी डिवाइडर तो किनारे फेंक रहे

# मृत मवेशियों को खुले में फेंकने पर गौसेवकों और ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नांदघाट

नेशनल हाईवे कर्मचारियों द्वारा दुर्घटना में मृत मवेशियों के साथ गैर जिम्मेदाराना ढंग से वहीं पर पास में ऐसे ही खुले में फेंकने को लेकर गौ सेवकों एवं ग्रामवासियों ने रोष जताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। सड़क पर दुर्घटना में मृत गोवंश को रायपुर बिलासपुर हाईवे कर्मचारियों द्वारा सड़क क्लीयरेंस के नाम पर कभी डिवाइडर में चढ़ा कर रख दिया जाता है तो कभी वहीं पर सड़क किनारे फेंक कर अपने कर्तव्यों की इति श्री समझ लिया जाता है । गोलोक गए गोवंश को सम्मान पूर्वक मिट्टी संस्कार के निर्देश गौ सेवा आयोग द्वारा दिए गए हैं। कई बार दुर्घटनाओं पर राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधिकारियों ने विधिवत गोवंश का संस्कार करने नेशनल हाईवे के पेट्रोलिंग इंचार्ज द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी । कुछ घटनाओं में राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा अंतिम संस्कार कराया भी गया था। कुछ समय बाद कर्मचारी समय संसाधन बचाने मृत गोवंश को आनन फानन में सड़क किनारे फेंक कर चले जा रहे हैं।

- गोलोक गए गोवंशों को सम्मानपूर्वक मिट्टी संस्कार के निर्देश दिए हैं गौ सेवा आयोग ने

### घटना की पुनरावृत्ति पर कराएंगे अपराध पंजीबद्ध: विवेक



जिला गौ सेवा समिति के सदस्य विवेक शुक्ला ने इस प्रकार की घटनाओं के पुनरावृत्ति नहीं होने की राजमार्ग प्रबंधन को चेतावनी दी है। अन्यथा अपराध पंजीबद्ध कराने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि गौ सेवकों द्वारा दुर्घटना में घायल गौवंशों को चिकित्सा और गौलोक गमन पर ससम्मान अंतिम संस्कार स्वयं के व्यय पर कराया जा रहा है। अब तक सैकड़ों गोवंश का इलाज और अंतिम संस्कार गौ सेवक मनीष शुक्ला, रोहित निषाद और उनके साथियों द्वारा कराया गया है।

### अकोली में मृत मवेशी को घसीटते रहे एनएच कर्मी

आज अकोली के पास भी गोवंश को सड़क किनारे गड्ढे से खींचकर भागते हुए एनएच के कर्मचारियों को देखकर गौसेवक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण आक्रोशित हुए। इस पर कर्मचारियों ने उल्टे ग्रामवासियों को ही धमकाना शुरू कर दिया । जिस पर मामला बढ़ता देख एनएच के कर्मचारी मौके से भाग गए । जिसके बाद ग्रामवासियों, गौ सेवकों ने फोन कर प्रबंधन को आड़े हाथों लिया। इस पर प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के व्यवहार पर खेद प्रकट किया। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर सहानुभूतिपूर्वक कार्य करने का आश्वासन भी दिया है । जिससे गौ सेवकों जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और संभावित उग्र प्रदर्शन टल गया अन्यथा लोगों ने तो नेशनल हाईवे की जाम करने की चेतावनी दी थी।

# देवकर में प्रदूषित पानी की शिकायत, जांच में भ्रामक निकली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर पंचायत देवकर में गंदे एवं बदबूदार पानी की आपूर्ति को लेकर उठे विवाद पर अब स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा की गई जांच में पेयजल को पूरी तरह सुरक्षित, मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्ता पूर्ण पाया गया है। विभागीय रिपोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गंदे पानी की सप्लाई की शिकायतें निराधार और भ्रामक थीं। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) केशराम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिनों कुछ शिकायतकर्ताओं द्वारा गंदे एवं बदबूदार ▸▸| शेष पेज 11 पर

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जांच में पानी मानकों पर खरा

### शिकायत की गई थी

नगर पंचायत द्वारा विभिन्न वार्डों से पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए थे। प्राप्त रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पेयजल सभी मानकों पर खरा उतरता है और पूरी तरह सुरक्षित है।

### अफवाहों से बचने की अपील

सीएमओ केशराम साहू ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी या अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित रूप से जल गुणवत्ता की निगरानी की जाती है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती ।

